Media
Relation Service



PATANJALI YOGPEETH (TRUST)
DIVYA YOG MANDIR (TRUST)
216, DDA Site No. 1, New Rajinder Nagar,
New Delhi-110 060. Ph.: 011- 424 111 00
email : yogatijarawala@yahoo.com

With the Blessing of Yog Rishi Swami Ramdev ji Maharaj

विज्ञप्ति :

पतंजलि योगपीठ एवं विश्वविद्यालय के पहले अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र का शिलान्यास कल अमेरिका में।

नई दिल्ली, **18** जुलाई।

अमेरिका के शिक्षा एवं चिकित्सा के गढ़ टेक्सास राज्य के ह्यूस्टन शहर में कल पतंजलि योगपीठ एवं विश्वविद्यालय के पहले अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र का शिलान्यास होगा। १०० एकड़ में बनने वाले विशाल परिसर का यह शिलान्यास योगऋषि स्वामी रामदेव एवं विश्व प्रसिद्व आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण जी के कर कमलों से होगा।

पतंजलि योगपीठ के प्रवक्ता एस. के. तिजारावाला ने बताया कि अंतराष्ट्रीय केन्द्र अनेक अर्थो में मां भारती एवं संस्कृति के लिये गौरव का प्रतीक बनेगा। पहला तो यह ह्यूस्टन के उस क्षेत्र में स्थित है जहां पूरे विश्व में सर्वाधिक प्रतिष्ठित शिक्षा एवं चिकित्सा के संस्थान हैं। अमेरिका का अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (नासा) है। विश्व का सर्वमान्य एवं प्रसिद्ध हृदय रोग संस्थान Saint Looks Heart Institute है। विश्वप्रसिद्व M.D. ENDERSON CANCER INSTITUTE है जिसमें 17 हजार से अधिक वैज्ञानिक एवं चिकित्सक दिन–रात कैंसर के अनुसंधान एवं उपचार में जुटे रहते हैं। इस संस्थान ने स्वामी रामदेव से विशेष आग्रह कर उन्हें अपने संस्थान का भ्रमण कराया एवं कैंसर पर शोध एवं योग के सकारात्मक परिणामों पर वैज्ञानिकों एवं चिकित्सकों के साथ परिचर्चा की।

विश्व विख्यात ह्यूस्टन विश्वविद्यालय है जिसमें सारी दुनिया से आए 57 हजार से अधिक विद्यार्थी विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा ग्रहण करते हैं। गर्व की बात यह भी है कि इस विश्वविद्यालय की प्रेसीडेंट श्रीमती रेणु राठौर भी भारतीय मूल की हैं। कल श्रीमती राठौर ने स्वामी रामदेव से योग विज्ञान शिविर में भाग लेकर आशीर्वाद लिया और कहा कि ''हमें अंग्रेजों की हिन्दी मीडियम से पढ़ानें में गर्व की अनुभूति होती है''।

अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र के ट्रस्टी श्री रमेश भूथरा ने ब्यौरा देते हुए कहा कि भारतीय वैदिक ज्ञान की वैज्ञानिकता सिद्व करने, संबंधित अनुसंधान करने, योग व वैदिक शिक्षा का विस्तार एवं इसके प्रचार व प्रसार करना इस केन्द्र के मुख्य उद्देश्य होंगे। इस केन्द्र के विशाल परिसर में अनुसंधान एवं चिकित्सा पद्धतियों में समन्वय केन्द्र, वैदिक गुरूकुल, हर्बल गार्डन, वानप्रस्थ आश्रम, वैदिक डिजिटल ज्ञान कोष, म्यूजियम एवं प्रचार एवं प्रसार के लिये प्रर्दशनी एवं समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

गौरतलब है कि स्वामी रामदेव इन दिनों अमेरिका, कनाड़ा एवं ब्रिटेन की योग यात्रा पर है। इस शिलान्यास समारोह में अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र के ट्रस्टी श्री रमेश भूथरा, श्री शेखर अग्रवाल, श्री ब्रह्म अग्रवाल एवं श्री भगवान उपस्थित रहेंगे।

अधिक जानकारी के लिये प्रवक्ता एस. के. तिजारावाला फोन **98111 - 01555** से संपर्क करें।

ई मेल yogatijarawala@yahoo.com, tijarawala15552@gmail.com